खामियां | खुले आसमान के नीचे सड़कों पर कट रही गरीबों की रातें

# रैन बसेरा खाली, फुटपाथ पैक




**जबलपुर, नवभारत।** शहर में गरीबों और बेसहारा लोगों के लिए संचालित दीनदयाल रैन बसेरा जो कि दमोहनाका और इंदिरा मार्केट के गोकुलदास धर्मशाला में चल रहा, यह भले ही राहत का केंद्र हैं, लेकिन आज भी कई ऐसी खामियां सामने आई हैं जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने के लिए काफ़ी हैं। बात करे अगर दमोहनाका स्थित दीनदयाल रैन बसेरा की तो यहां के इंचार्ज राहुल पटेल ने बताया कि पिछले 8-9 वर्षों से यह रैन बसेरा संचालित हो रहा है, जहां कंबल, गद्दे और पलंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती आ रही हैं। यहां प्रशासन द्वारा संचालित 5 रुपये की थाली कैंटीन भी उपलब्ध है। लेकिन, रैन बसेरा में ठहरने वालों की संख्या बहुत कम है, जबकि शहर में आज भी कई लोग खुले आसमान के नीचे फुटपाथ में सोने को मजबूर हैं।

इससे यह सवाल उठता है कि क्या प्रशासन द्वारा इन सुविधाओं की पर्याप्त जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाई जा रही है या नहीं वहीं, इंदिरा मार्केट स्थित गोकुलदास धर्मशाला में 29 बेड की व्यवस्था होने के बावजूद वर्तमान में पुरुष कक्ष में दो पुरुष और महिला कक्ष में भी दो महिला रह रही है। यह स्थिति दर्शाती है कि या तो लोगों को इस सुविधा की जानकारी नहीं है, या फिर व्यवस्थाओं में ऐसी कमी है जिससे लोग यहां रुकना नहीं चाहते।

### ये है उपलब्ध

नवभारत द्वारा की गई पड़ताल में देखा गया कि धर्मशाला में पंखा, लाइट और बिस्तर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं , लेकिन खाने की व्यवस्था बाहर से करनी पड़ती है या धर्मशाला के बाजू में स्थित दीनदयाल रसोई से होती है। बता दे कि इंदिरा मार्केट स्थित दीनदयाल रसोई में प्रतिदिन लगभग 600 लोगों के भोजन की क्षमता है और 6 कर्मचारी कार्यरत हैं। प्रशासन द्वारा यहां भी 5 रुपये में थाली उपलब्ध की जाती है लेकिन बेसहारा और गरीब लोगों के लिए निःशुल्क थाली की व्यवस्था नहीं रखी गई है। बड़ी बात यह है कि इन योजनाओं का लाभ शहर के हर जरूरतमंद तक पहुंचना है, लेकिन आज भी कई गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को इन सुविधाओं के बारे में जानकारी नहीं हैं। इससे यह साफ होता है कि प्रशासन को सिर्फ योजनाएं चलाने तक सीमित न रहकर उनका प्रचार-प्रसार और देख- रेख पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है , ताकि गरीबों और बेसहारा लोगों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

### इनका कहना है



मैं यहां दो साल से कार्य कर रहा हूं, जो एक रैन बसेरा में जरूरी की चीजें होती है, जैसे पलंग, कंबल, तकिया उपलब्ध की जाती है प्रशासन के द्वारा यहां कोई देख-रेख या गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

**अनिल कैथवास, इंचार्ज, गोकुलदास धर्मशाला**



मै यहां 4 सालों से रह रहा हूं। बिस्तर, पलंग, पंखा जैसी सुविधाएं उपलब्ध है लेकिन खाने की सुविधा नहीं है हमको स्बाहर से या रसोई द्वारा व्यवस्था करनी पड़ती है।

**बसंत नामदेव**



# कॉम्बिग गश्त : 310 वारंटी, 23 तस्कर पकड़ाए

**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिग गश्त कर कई वर्षों से फरार 152 गैर म्यादी वारंटियों एवं 96 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 62 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर 16 लीटर कच्ची, 95 पाव देशी, विदेशी शराब जप्त की गयी है। संवेदनशील इलाके एवं अपराध संभावित क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते हुये एरिया डॉमीनेशन किया गया। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे इसके साथ ही क्राईम ब्रांच की टीमें भी लगाई गयी । कॉम्बिग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय रात्रि 9 बजे से रत्रि 2 बजे तक एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

# जबलपुर मण्डल ने राजस्व में वृद्धि दर्ज की

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में महाप्रबंधक के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाकर राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 18 लाख 63 हजार मामले पकड़े। इन मामलों में बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे कुल 127 करोड़ 15 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया है। यह राशि पिछले वित्तिय वर्ष 2024-25 में प्राप्त किए गए राजस्व 110 करोड़ 98 लाख रुपये की तुलना में 14.57 प्रतिशत अधिक है।

### मुख्यालय एवं मंडलों पर परफॉरमेंस

मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड : मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों 35 हजार प्रकरण से 2 करोड़ 15 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।


जबलपुर मंडल: वरिष्ठ अधिकारियों के रणनीति प्रबंधन से टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 8 लाख 22 हजार प्रकरण से 59 करोड़ 75 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया हैं, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 कि तुलना में राजस्व (47 करोड़ 15 लाख रुपए) लगभग 27 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (57 करोड़ 69 लाख रुपए) से लगभग 4 प्रतिशत की वृद्धि को भी दर्शाता हैं।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत खेरमाई लालकुआ के पास बदमाशों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया । पुलिस के मुताबिक सोहन प्रजापति 21 वर्ष निवासी गीत बिहार पोलीपाथर संजय नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 11-30 बजे अपने घर से लगभग 50 मीटर दूरी पर दूसरे घर जा रहा था तभी राहुल बर्मन, अमित बर्मन एव जतिन अहिरवार सभी खेरमाई लालकुआ के पास ग्वारीघाट रास्ते में मिले और उसे पकड़कर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो अमित बर्मन ने धारदार हथियार से हमला कर सिर में पीछे तरफ चोट पहुंचा दी तथा तीनों भाग गये।

# यश को आईआईएम मुंबई से एमबीए अवॉर्ड

**नवभारत,जबलपुर।** जेईसी जबलपुर से बी टेक मैकेनिकल इंजीनियर की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंजी. यश राज जैन ने भारतीय प्रबंधन संस्थान आई. आई. एम. मुंबई से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) विशिष्टता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया, जिसके लिए संस्थान के तृतीय वार्षिक दीक्षांत समारोह में उन्हें अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया, जो सकल जैन समाज के लिए गौरव की बात है। यश राज जैन वरिष्ठ समाज सेवी सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं संगीता जैन के सुपुत्र ओर डॉक्टर याशिका जैन के भाई हैं, जिन्होंने वर्ष 2024-26 में दो वर्षीय पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक पूर्ण कर यह डिग्री प्राप्त की है। यश राज जैन की इस उपलब्धि पर दादा - दादी श्रीमती पुण्यकुमारी स्वामी प्रकाशचंद्र जैन एवं समस्त स्वामीजी परिवार के साथ सकल जैन समाज, सर्वोदय अहिंसा, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, तारण तरण नवयुवक मंडल, कुंडा वाला परिवार के साथ शिक्षा जगत सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### एक नजर में



### देशभक्ति की धुन से सराबोर हुआ उमाघाट

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट अतर्गत उमाघाट में 6 वी वाहिनी बटालियन बैंड दल द्वारा युवाओं को पुलिस बैंड भर्ती 2026 के लिए प्रेरित करने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड दल ने देशभक्ति से सरा बोर आकर्षक और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया विशेष कार्यक्रम बैंड प्रस्तुति प्रदर्शन कर आरक्षक बैंड सीधी भर्ती का प्रचार प्रसार किया गया एवं भर्ती के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया गया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस बैंड के 679 पदों पर आरक्षक (बैंड) सीधी भर्ती होनी है जिसके लिए एमपी ऑन लाइन के माध्यम फॉर्म भरकर भर्ती हो सकते है इस अवसर पर थाना प्रभारी ग्वारीघाट हरिकिशन अटनेरे, सूबेदार अमित शिववशी एवं छठवी बटालियन की बैंड दल पार्टी उपस्थिति थे।



### महागिरजाघर में श्रद्धा के साथ मनाया दिव्य दया महापर्व

**नवभारत,जबलपुर।** सेंट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर, जबलपुर में दिव्य दया महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह पर्व हर वर्ष ईस्टर के बाद आने वाले पहले रविवार को पूरी कलीसिया में विशेष प्रार्थना, आराधना और पापस्वीकार के साथ मनाया जाता है। इस पर्व की स्थापना संत पोप जॉन पॉल द्वितीय द्वारा वर्ष 2000 में की गई थी, जो संत फॉस्टिना कोवाल्स्का को प्रभु यीशु से प्राप्त दिव्य दया के संदेशों पर आधारित है। इस अवसर पर विश्वासियों ने प्रभु की असीम करुणा को स्मरण करते हुए विशेष प्रार्थनाओं में भाग लिया। दोपहर 3 बजे 'दया का समय' विशेष आराधना के रूप में मनाया गया, जिसमें विश्वभर के साथ-साथ स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता की। यह पर्व क्षमा, प्रेम और करुणा का संदेश देते हुए समाज में शांति और एकता का आह्वान करता है। पवित्र मिस्सा बलिदान जबलपुर डायसिस के विकार जनरल डॉ. फादर डेविस तथा सह पल्ली पुरोहित जोनस मरकाम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज एंथोनी, जॉन डेविड, फेलिक्स बारला, रेशलू पीटर, जुसिया, क्रिस्टोफर सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

### चुंकी चौकी में खड़ी तवेरा ले उड़े चोर

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत चुंगी चौकी में खड़ी तवेरा अज्ञात चोर चुराकर ले गया। पुलिस के मुताबिक राजकुमार साहू 41 वर्ष निवासी आजाद वार्ड कंदेली जिला नरसिंहपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि सुबह 8 बजे उसे उसके मित्र राहुल पटेल ने फोन कर बताया कि उसकी गाडी तवेरा एमपी 49 टी 0823 ड्राईवर पुष्पेन्द्र निनोरिया ने गाड़ी को घमापुर में चुंगी चौकी शक्ति ट्रेवेल्स के सामने रोड पर रोज की तरह बीती रात 11-30 बजे खडी कर घर चला गया था। रविवार सुबह 4-30 बजे ड्राईवर पुष्पेन्द्र ने आकर देखा तो तबेरा गायब थी। कोई अज्ञात चोर तबेरा चुरा ले गया है।

# पक्ष में गवाही नहीं दी तो गोली मार दूंगा

**पीड़ित के घर पहुंचकर तलवार लहराई, दी धमकी**

**न वभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत शक्तिनगर चौक गुप्तेश्वर में बदमाश ने अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुँचकर तलवार लहराते हुए पुराने केस में पक्ष में गवाही नही दी तो गोली मार दूंगा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शक्तिनगर निवासी राजा विश्वकर्मा (26) के घर रात लगभग 10:40 बजे आरोपी नंदू उर्फ नितेश तिवारी अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल से पहुँचा। उस वक्त राजा घर पर नहीं था और उसके पिता मनोज विश्वकर्मा घर के बाहर खड़े थे। नंदू के हाथ में तलवार थी। आरोपी ने राजा के पिता के साथ अभद्र कर पूछा कि राजा कहाँ है जब पिता ने बताया कि वह घर पर नहीं है, तो नंदू ने धमकी देते हुए कहा कि वर्ष 2024 का जो मामला न्यायालय में चल रहा है, उसमें राजा की गवाही होनी है। आरोपी ने साफ लफ्जों में चेतावनी दी अगर राजा ने मेरे पक्ष में गवाही नहीं दी, तो मैं उसे गोली मार दूँगा। पिछली बार तो वह बच गया था, लेकिन इस बार नहीं बचेगा। घटना के बाद सहमे परिवार ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी नंदू उर्फ नितेश तिवारी और उसके दो साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 29 चालकों पर प्रकरण दर्ज

**ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर की गई सख्त कार्रवाई**



**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के आदेश जारी किए गए। आदेशानुसार यह अभियान रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक संचालित किया गया ।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह देखा गया है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं शराब के नशे में वाहन चलाने के कारण घटित होती हैं। इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह सख्त कार्रवाई की गई। जांच के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की गई। यातायात के तीनों थानों द्वारा कुल 29 प्रकरण दर्ज किए गए, जिन्हें आगे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक (मालवीय चौक, गढ़ा, घमापुर) एवं यातायात के तीनों थाना प्रभारियों द्वारा संयुक्त टीमों का गठन किया गया।

### शहर के प्रमुख स्थानों पर चला चेकिंग अभियान

टीमों द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं स्थानों पर जांच की गई, जिनमें प्रमुख रूप से छोटी लाइन फाटक, धवंतरी नगर चौक, पुराना बस स्टैण्ड, दमोहनाका चौक, अधारताल तिराहा, इंद्रा मार्केट पर ब्रीथ एनालाइजर की सहायता से वाहन चालकों की जांच की गई।

# मेहंदी, रंगोली में प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** महिलाओं की सर्वमंगला समिति द्वारा कचनार क्लब में दो दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मेहंदी, रंगोली, रील निर्माण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के पश्चात विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में कीमती रोहणी गायकवाड, खेतासिंह, आशा पाडे दीक्षित एवं खेता मसराम उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्वाति गाडगिल,रंजना वर्तक, जया पागे, राधिका बेहरे, लीना वाले, प्रीती गोरे, अर्चना वैद्य, शमा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन निलिमा देशपांडे एवं सोनल उज्जैनकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रीती जोशी द्वारा किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री करेंगे 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का संबोधन

**नवभारत, जबलपुर।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए 13 अप्रैल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भव्य 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भंवरताल के संस्कृति भवन में सुबह 10:00 बजे से किया गया है। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर की महिलाओं के साथ संवाद करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'पंचायत से पार्लियामेंट तक' महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह 'निर्णय में नारी' के विचार को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।सीधा संवाद: प्रधानमंत्री देश के विभिन्न क्षेत्रों (जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्यमिता) से जुड़ी अग्रणी महिलाओं के साथ संवाद करेंगे, जो नए भारत की तैयारी में अपना योगदान दे रही हैं।

सशक्त भागीदारी का संकल्प कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक नीति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया जाएगा। पोस्टर में दर्शाई गई विविध क्षेत्रों की महिलाएं—चाहे वह ग्रामीण परिवेश से हों, डॉक्टर हों या पेशेवर—इस बात का प्रतीक हैं कि भारत की प्रगति में हर वर्ग की नारी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

जब नारी का सम्मान और भागीदारी बढ़ती है, तो समाज और देश की प्रगति की गति अपने आप तेज हो जाती है।

श्रीराम कथा | अवधपुरी पंडाल में आयोजित श्रीरामकथा के अष्टम दिवस

# रामचरितमानस केवल अनुवाद नहीं बल्कि 'सर्च वर्क' है : रामभद्राचार्य



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर स्थित आयुर्वेद कॉलेज मैदान के अवधपुरी पंडाल में आयोजित श्रीरामकथा के अष्टम दिवस पर तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी ने श्रीरामचरितमानस की गहन व्याख्या करते हुए युद्धलीला प्रसंग को विस्तार से समझाया। कथा का आयोजन समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में 'राम जनम जग मंगल हेतू' विषय पर किया जा रहा है। महाराजश्री ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी का रामचरितमानस केवल अनुवाद नहीं बल्कि 'सर्च वर्क' है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानस गुरु परंपरा से प्राप्त दिव्य ज्ञान का भाषाबद्ध स्वरूप है, जिसमें श्रीरामकथा का मौलिक और आध्यात्मिक विस्तार है।

### नारी, संस्कृति और भारतीय दर्शन पर विचार

प्रवचन में महाराजश्री ने भारतीय दर्शन में नारी की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि पत्नी केवल भोग का साधन नहीं, बल्कि पति को धर्ममार्ग पर ले जाने वाली शक्ति है। उन्होंने मनु स्मृति और संस्कृत परंपरा का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता पर प्रकाश डाला।

### सीता वनवास और रामकथा से जुड़े प्रश्नों का समाधान

श्रोताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्होंने कहा कि माता सीता का वास्तविक वनवास नहीं हुआ था और लव-कुश का जन्म राजमहल में हुआ था। उन्होंने रामकथा के कई प्रसंगों की दार्शनिक व्याख्या भी प्रस्तुत की। महाराजश्री ने कहा कि 'सीताराम जय' संकीर्तन का वैज्ञानिक प्रभाव है। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान करते हुए कहा कि अनेक पंथ होने के बावजूद सभी को एक सूत्र में बंधना चाहिए।

### आज कथा का अंतिम दिवस इशिता विश्वकर्मा देंगी प्रस्तुति

रामकथा का समापन कल होगा, जिसमें जबलपुर की प्रसिद्ध गायिका एवं सारेगामा पा विजेता सुश्री इशिता विश्वकर्मा अपनी विशेष प्रस्तुति देंगी।

### समरसता सेवा संगठन की ऐतिहासिक पहल

कार्यक्रम में समरसता सेवा संगठन द्वारा 41 समाजों के प्रतिनिधियों को रामकथा का यजमान बनाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। संगठन अध्यक्ष संदीप जैन ने इसे ऐतिहासिक पहल बताया। कथा से पूर्व रामानंदाचार्य पीठ की पादुकाओं का पूजन विभिन्न अतिथियों एवं संतों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की और व्यासपीठ का पूजन किया।